>

Title:

श्रीमती संध्या राय (भिंड): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया । मैं इस सदन को भी नमन करती हूं क्योंकि मैं इस सदन में पहली बार आई हूं । मैं धन्यवाद देती हूं हमारे देश के माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को, माननीय अमित शाह जी को जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया । मैं धन्यवाद देती हूं भिंड और दतिया लोक सभा क्षेत्र की अपनी जनता जनार्दन को, जिन्होंने मुझे चौकीदारी का अवसर दिया और आज मैं अपने क्षेत्र की समस्या यहां रख रही हूं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र भिंड और दतिया में दो महीने पहले सरकारी केन्द्रों पर किसानों की फसलों की खरीदी हुई थी । उसमें गेहूं, सरसों और चावल है । आज दो से ढाई महीने होने को आए हैं, लेकिन आज तक किसानों के खाते में उसका पैसा नहीं पहुंचा है । वह 25 लाख रुपये भी हो सकता है और 50 लाख रुपये भी हो सकता है । ऐसी स्थिति में हमारे क्षेत्र के किसानों के घरों में बेटी की शादी है, बेटों की पढ़ाई के लिए धन पहुंचाना है, ऐसी तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगी कि किसी भी तरह मेरे क्षेत्र के किसानों के खातों में पैसे पहुंचें, जिससे उनके रुके हुए काम पूर्ण हो सकें । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।